कार्यालयः जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर जिला, जयपुर (राज0)

क्रमांकः 488 /स्था0 दिनांक 23 सितम्बर, 2025

: : विज्ञप्ति : :

सामान्य नियम (दीवानी एवं दाण्डिक), 2018 के आदेश 20 नियम 43 के अन्तर्गत इस न्यायक्षेत्र के जयपुर मुख्यालय अवस्थित एवं जयपुर से बाहर सांभरलेक, शाहपुरा, चौमूं, दूदू, किशनगढ़–रेनवाल, फागी, जमवारामगढ़ एवं जोबनेर अवस्थित न्यायालयों के लिए **कैलेण्डर वर्ष 2026** हेतु **आयुक्तों** की नियुक्ति की जानी है। अतः इस प्रयोजनार्थ इच्छुक अधिवक्तागण से अग्रलिखित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक **31.10.2025** तक आमंत्रित किये जाते हैं। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

जयपुर मुख्यालय स्थित न्यायालयों के लिए अभिभाषक अपने आवेदन पत्र दिनांक **31.10.2025** को **सांय 04:00 बजे** तक सीधे ही जिला न्यायालय, जयपुर जिला जयपुर की संस्थापन शाखा में तथा जयपुर से बाहर अवस्थित न्यायालयों के लिए आवेदन पत्र प्रत्येक स्थानीय मुख्यालय पर पदस्थापित वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी के समक्ष दिनांक **31.10.2025** तक प्रस्तुत करेंगें। सम्बन्धित वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी अपनी टिप्पणी एवं अभिशंसा सहित प्राप्त आवेदनों को दिनांक **04.11.2025** तक इस कार्यालय को आवश्यक रूप से भिजवायेगें। इस सम्बन्ध में स्मरण पत्र की प्रतीक्षा न की जावे। सामान्य नियम (दीवानी एवं दाण्डिक), 2018 में आदेश 20 नियम 43 के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों की सूची नियमानुसार अग्रलिखित भागों में विभक्त होगी।

01– सर्वेक्षण एवं मौका निरीक्षण 02– लेखा एवं विभाजन 03– साक्ष्य लेखन एवं अन्य कार्य।

विवरण

01– नाम अधिवक्ता
02– पिता का नाम
03– जन्म तिथि
04– शैक्षणिक योग्यता
05– पंजीकरण क्रमांक
06– पंजीकरण की तिथि
07– सर्वेक्षण/लेखा आदि बाबत् विशेष योग्यता
08– निवास स्थान का पूर्ण पता (टेलीफोन/मोबाइल नम्बर सहित)
09– न्यायालय परिसर में बैठक का स्थान (बैठक के स्थान व चैम्बर आदि का पूर्ण विवरण अंकित करें)

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर व दिनांक

नोटः– उक्त आवेदन पत्र के साथ पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है।

—sd—
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
जयपुर जिला, जयपुर (राज0)

...../2

क्रमांकः 6250 to 6255 /स्था0 दिनांक 23 सितम्बर, 2025

प्रतिलिपि अग्रलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त न्यायालय (विशिष्ट न्यायालयों सहित) जयपुर जिला, जयपुर न्यायक्षेत्र को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन जयपुर/दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जयपुर।
3. इस न्यायक्षेत्र के समस्त मुख्यालयों के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी को उनके मुख्यालय पर अवस्थित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/सचिव को प्रति उपलब्ध कराने हेतु।
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, जयपुर जिला, जयपुर को इस न्यायक्षेत्र की वेबसाईट पर अपलोड/न्यायालयों को ई–मेल करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर जिला, जयपुर
(राज0)